राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# राज्यपाल से नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री की मुलाकात

## राजभवन में संविधान पार्क के कार्यों की प्रगति के बारे में की चर्चा

जयपुर, 17 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से गुरुवार को राजभवन में नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री श्री शांति धारीवाल ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राजभवन में चल रहे संविधान पार्क के कार्यों की प्रगति के बारे में अवगत कराया। राज्यपाल श्री मिश्र ने संविधान पार्क में संविधान निर्माण की इतिहास यात्रा से जुड़े विभिन्न निर्माणाधीन मूर्ति शिल्प तथा अन्य सौंदर्यीकरण कार्यों के बारे में भी चर्चा की।

नगरीय विकास एवं आवासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री कुंजीलाल मीणा, जयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त श्री रवि जैन, आर्किटेक्ट श्री अनूप बरतरिया भी इस दौरान उपस्थित रहे।

———